संचिका संख्या—25/वि०स०प्र०(सि०)05—123/2026—

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

अनिल कुमार गुप्ता,
संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक—

विषयः— श्री सुभाष सिंह, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या—18/2/2645 के स्थानांतरण के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक बिहार विधान सभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या—18/2/2645 की मूल प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि क्रमांक—01 एवं 02 पर अंकित प्रश्न जल संसाधन विभाग से संबंधित है, जिसका अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन संलग्न है। क्रमांक— 03 पर अंकित प्रश्न के संबंध में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान का पत्रांक—571 दिनांक—16.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित है कि " सारण मुख्य नहर के कि०मी० 30.21 पर अवस्थित एकपथीय पूल नहर निरीक्षण एवं आवागमन योग्य है । पुल के चौड़ीकरण हेतु सड़क निर्माण से संबंधित विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की माँग की जाती है जो नियमानुसार निर्गत करने की कार्रवाई की जाएगी। हरखुआ—रामचन्द्रपुर पथ पर एकपथीय सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा लगभग छः माह पूर्व कराया गया है।" उक्त पथ के चौड़ीकरण का मामला ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित है।

अतः विषयांकित प्रश्न के खण्ड—03 का उत्तर प्रतिवेदन तैयार करने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग, को स्थानांतरित किया जाता है। अनुरोध है कि समेकित उत्तर तैयार कर बिहार विधान सभा को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। एतद् संबंधित सूचना अलग से बिहार विधान सभा सचिवालय को भी दी जा रही है।

कृपया प्राप्ति स्वीकार किया जाय।

अनु0—यथोक्त्।

विश्वासभाजन

ह०/—
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक — 25/वि०स०प्र०(सि०)05—123/2026— पटना, दिनांक—

प्रतिलिपि — अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के तारांकित प्रश्न संख्या—18/2/2645 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक— 25/वि०स०प्र०(सि०)05—123/2026— पटना, दिनांक—

प्रतिलिपि — उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25/वि०स०प्र०(सि०)05–123/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25/वि०स०प्र०(सि०)05–123/2026– 1306 पटना, दिनांक– 18/03/2026

प्रतिलिपि –कार्यपालक अभियंता, आई0टी0सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18.03.26

संयुक्त सचिव